दिनांक 30.11.2018

निगम आयुक्त श्री सुदंरानी ने स्वच्छता एप डाउनलोड करने की अपील नागरिकों से की

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0 के0 सुंदरानी ने आम नागरिक से अपील की है कि वे अपने आसपास, गली, मोहल्ले में गंदगी है तो उसकी शिकायत आप स्वच्छता एप पर फोटो खिंचकर कर अवश्य करें कम्प्लेन अपलोड होते ही 24 घण्टे के अंदर निगम प्रशासन के द्वारा शिक़ायत का निराकरण किया जायेगा। और इसकी मानिटरिंग प्रधानमंत्री कार्यालय तक होगी। शिकायतकर्ता के एक–एक फोटो पर कमेंट भी किया जायेगा।

निगम आयुक्त श्री सुदंरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता रैकिंग में नम्बर 01 आने के लिए भिलाई swachhta&MoHUA एप लांच किया है। इसे गुगल प्लेस्टोर से डाउनलोड कर अपना रजिस्ट्रेशन कर शिकायत आप कर सकते है।निगम क्षेत्र के कुल आबादी का 10 प्रतिशत स्वच्छता एप डाउनलोड कराया जाना आवश्यक है। इस हिसाब से 70 हजार लोगों को स्वच्छता एप डाउनलोड करके सफाई संबंधी शिकायत करनी होगी। जिसका समाधान 24 घण्टे के अंदर निगम प्रशासन करेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी